राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 08 अप्रेल। महँगाई के कारण देश में आम आदमी की स्थिति असहनीय हो चुकी है। महँगाई के कारण देश का प्रत्येक वर्ग त्रस्त है तथा कोई वस्तु ऐसी नहीं है जो महँगाई के प्रभाव से अछूती हो। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश का आम आदमी दो वक्त की रोटी हासिल करने में कठिनाई अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महँगाई के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार है तथा कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ इस कठिन समय में कंधे से कंधा मिलाकर भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के विरोध में खड़ी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महँगाई के विरूद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा जन जागरण पखवाड़ा चलाया गया था तथा हाल ही में त्रि-स्तरीय महँगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् प्रदेश के सभी ब्लॉक, जिला स्तर पर विरोध-प्रदर्शन के साथ ही जयपुर में प्रदेश स्तरीय महँगाई मुक्त भारत धरना एवं प्रदर्शन आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महँगाई एवं पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी के विरूद्ध कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मुखरता के साथ आम जनता की आवाज बन केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का विरोध करते रहेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री अविनाश पाण्डे का बयान संलग्न है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter